Paper Code No.: **36**

**SET A**

# HIGHER SECONDARY EDUCATION

## HALF YEARLY EXAMINATION 2017-18

**PART III**

**HINDI OPTIONAL**

**HSE I**

**Score : 80**

**Time : 2 ½ hrs**

**Cool off Time : 15 Minutes**

**सामान्य निर्देश :**

- प्रश्न-पत्र वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- वैकल्पिक प्रश्नों का उत्तर सूचना के अनुसार लिखें।

**सूचनाः** कवितांश पढ़ें और **1 से 3 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

'मेरी वह निष्ठा,
वह प्राणों की आकुल प्रतिष्ठा
जिसे अर्पित थी–
तुम थे नहीं!
सिर्फ माटी की मूरत
क्या माटी की मूरत थी!'

1. यह किस कविता का अंश है? (1)

   (तितली, एकलव्य, नए इलाके में)

2. माटी की मूरत किसका सूचक है? (1)

3. समकालीन संदर्भ से जोड़कर कविता की **आस्वादन-टिप्पणी** लिखें। (6)

4. सही मिलान करें। (4x1=4)

| | |
|---|---|
| तितली | रामकुमार वर्मा |
| बुढापा | भीष्म साहिनी |
| महात्मागाँधी | सुमित्रानंदन पंत |
| चीफ की दावत | पांडेय बेचन शर्मा उग्र |

सूचनाः 'महात्मागाँधी' संस्मरण का अंश पढ़ें और **5 से 7 तक** के प्रश्नों का उत्तर लिखें।

गाँधीजी समय के सबसे बड़े सर्वेक्षक थे। उनका मिनट-मिनट पर कार्यक्रम निर्धारित होता था। हमें निर्धारित समय से दस मिनट का विलंब हो गया था और गाँधीजी ठीक नौ बजे अपना दूसरा कार्यक्रम करने लगे थे, अर्थात् एक आदमी उनके शरीर पर तेल की मालिश करने लगा। फिर भी उन्होंने हमें सामने बैठाया और श्रीमन्नारायण ने मेरा परिचय दिया कि मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हूँ और मैंने भी असहयोग आंदोलन में सन् 1921 में स्कूल छोड़ दिया था।

5. खंड से एक-एक **सर्वनाम** और **संज्ञा** शब्द चुनकर लिखें। (2)

6. श्रीमन्नारायण ने लेखक का परिचय किस प्रकार दिया? (2)

7. खंड का **संक्षेपण** करें और शीर्षक लिखें। (6)

**सूचना: 8 से 10 तक** के प्रश्नों में **किन्हीं दो** का उत्तर लिखें। (2x2=4)

8. 'प्रेमभावना सूफी काव्य की प्रमुख विशेषता है।' सूफी काव्य की अन्य **दो विशेषताएँ** लिखें।

9. वीरगाथाकाल के **दो प्रमुख कवियों के नाम** चुनकर लिखें।

(दलपति विजय, जयशंकर प्रसाद, चंदबरदाई, पंत)

10. 'मेरी आँखें अब नहीं है बेटा, जो फुलकारी बना सकूँ। तुम कहीं और से बनवा लो।' कहनेवाली माँ फिर भी फुलकारी बनाने के लिए तैयार होती है। क्यों?

**सूचना: 11 से 14 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (4x3=12)

11. 'माली आवत देख करि, कलियाँ करै पुकार।
फूली फूली चुनि गई, काल हमारी बार।।

**दोहे का आशय लिखें।**

12. 'ईदगाह' कहानी का यह कथन पढ़ें।

'बड़ों की दुआएँ सीधे अल्लाह के दरबार में पहुँचती है, और तुरंत सुनी जाती है।'

**हामिद के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।**

- बड़ों से प्यार
- त्याग भाव
- दृढ़ चित्त

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और कीर्ति चौधरी के बारे में एक **अनुच्छेद** लिखें।

**जीवन-वृत्त**

| | |
|---|---|
| नाम | : कीर्ति चौधरी |
| जन्म | : 01 जनवरी, 1934 |
| जन्मस्थान | : नईमपुर गाँव, उत्तर प्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : क्यों, विगत, आगत का स्वागत, खुले हुए आसमान के नीचे, झुमझुमी |
| विशेषताएँ | : अभिव्यक्ति और शैली की सादगी |

14. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिंदी में **अनुवाद** करें।

The crow is a common bird found in our country. It eats all kinds of waste food materials. The crow removes all bad smelling things by eating them. They also scavenge dead animals and garbage. So it is called scavenger of the sky. Crow is believed to be the most intelligent of all birds.

(crow - कौआ, waste food materials - बेकार भोजन सामग्री, removes - हटाता है, bad smelling - बदबूदार, scavenge - साफ़ करना, garbage - कूडा, intelligent - बुद्धिशाली )

**सूचनाः 15 से 18 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (6x3=18)

15. सूरदास के पद के आधार पर **कृष्ण की शिकायतें टिप्पणी के रूप में लिखें।**

- कृष्ण की छोटी वेणी
- बलराम की लंबी और मोटी वेणी
- कच्चा दूध पचाकर पिलाना

16. 'तो मैं बना दूँगी बेटा, जैसे बन पडेगा, बना दूँगी।'

अपने बेटे की तरक्की के बारे में सोचकर माँ को नींद नहीं आई।

**उनके विचार डायरी के रूप में लिखें।**

- बेटे की होनेवाली तरक्की पर खुशी
- फुलकारी बनाने की घबराहट
- बेटे की उपेक्षा पर दुख

17. 'हामिद ने फिर पूछा - जिन्नात बहुत बड़े-बड़े होते होंगे?'

मेले में जानेवाले बच्चों के बीच जिन्नात के बारे में होनेवाला **वार्तालाप कल्पना करके लिखें।**

- रात को जिन्नात का आना
- जुमराती का बछवा खो जाना
- चौधरी के पास बहुत सारा धन होना

18. केशवृद्धि के लिए एक नया खुशबूदार तेल बाज़ार में आया है।

इस के लिए एक **विज्ञापन तैयार करें।**

- कम दाम
- निर्मल और जैविक
- चिकनी-मुलायम बाल

**सूचना: 19 से 22 तक** के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर लिखें। (8x3=24)

19. 'इस नरक से कोई मुझे बाहर कर दे। मैं आजन्म गुलामी करने को तैयार हूँ।'

बूढ़ों का संरक्षण हमारा कर्तव्य है। **इस विषय पर एक लेख लिखें।**

- बुढ़ापा, लाइलाज रोग
- असहाय और तिरस्कृत
- असुरक्षित भविष्य

20. 'सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपकार।
लोचन अनंत उघाडिया, अनंत दिखावन हार।।'

कबीर के गुरु महिमा वर्णन से प्रभावित होकर एक छात्रा अपने मित्र को पत्र लिखती है।

**पत्र तैयार करें।**

- निर्गुण भक्त कवि।
- अनपढ़
- समाज-सुधारक

21. 'अनुभव हुआ जैसे आनंद और प्रकाश के मानसरोवर में स्नानकर मैं बाहर निकला हूँ।'

गाँधीजी की बातें लेखक के मन में उभरकर आती है। इसकी सूचना वह आत्मकथांश में करता है।

**आत्मकथांश तैयार करें।**

- समय की पाबंदी
- हरिजनोद्धार के लिए पैसा माँगना
- चित्ररेखा का गीत गुनगुनाना

22. "मेरी माँ गाँव की रहनेवाली है। उमर भर गाँव में रही है।"

शामनाथ के इस कथन के आधार पर गाँव और शहर की सभ्यताओं को सूचित करते हुए **एक निबंध लिखें।**

- गाँव में सादगीपन
- शहरी लोगों में बाह्याडंबर
- गाँव, संस्कृति का दर्पण

# ANSWER KEY - HINDI OPTIONAL - HSE I

| Qn No. | Value Points | Split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 1 | सही उत्तर चुनकर लिखा है। | 1 | |
| 2 | सही उत्तर कविता से चुनकर लिखा है। | 1 | |
| 3 | कवि का परिचय दिया है। | 1 | |
| | काव्यधारा और रचनाकाल की सूचना है। | 1 | |
| | कविता का सार है। | 2 | 6 |
| | कविता का विश्लेषण किया है। | 2 | |
| 4 | तितली - सुनित्रानंदन पंत | 1 | |
| | बुढ़ापा - पाँडेय बेचनशर्मा उग्र | 1 | |
| | महात्मागाँधी - रामकुमार वर्मा | 1 | |
| | चीफ की दावत - भीष्म साहनी | 1 | 4 |
| 5 | संज्ञा शब्द चुनकर लिखा है। | 1 | |
| | सर्वनाम चुनकर लिखा है। | 1 | 2 |
| 6 | सही उत्तर लिखा है। | 2 | 2 |
| 7 | मुख्य आशयों का चयन किया है। | 2 | |
| | अनावश्यक विस्तार को छोड़ा है। | 2 | 6 |
| | अपनी भाषा में आशय प्रस्तुत किया है। | 2 | |
| 8 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | अन्य दो विशेषताएँ लिखी हैं। | 1 | 2 |
| 9 | सही उत्तर चुनकर लिखा है। | | |
| | दलपति विजय, चंदबरदाई | 2 | 2 |
| 10 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | सही उत्तर लिखा है। | 1 | 2 |
| 11 | कवि का परिचय है। | 1 | |
| | दोहे का सार है। | 2 | 4 |
| | दोहे का विश्लेषण किया है। | 1 | |
| 12 | चरित्र का विश्लेषण किया है। | 1 | |
| | चरित्र की विशेषता समझी है। | 1 | 4 |
| | चरित्र की विशेषताओं का समर्थन किया है। | 2 | |

| Qn No. | Value Points | Split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 13 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | बिंदुओं को विकसित किया है। | 2 | 4 |
| | क्रमबद्धता है। | 1 | |
| 14 | स्रोत भाषा का आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | लक्ष्यभाषा में अनूदित किया है। | 2 | 4 |
| | लक्ष्यभाषा की शैली अपनाई है। | 1 | |
| 15 | आशय ग्रहण किया है। | 2 | |
| | पद का सार लिखा है। | 2 | 6 |
| | अपनी भाषा में लिखा है। | 2 | |
| 16 | अनुभव की सूचना है। | 1 | |
| | अनुभवों को क्रमबद्ध किया है। | 2 | |
| | संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | 6 |
| | आत्मनिष्ठ भाषा है। | 1 | |
| 17 | सही शुरुआत है। | 1 | |
| | प्रश्नोत्तर शैली है। | 2 | |
| | प्रवाहमयता है। | 1 | 6 |
| | कल्पना है। | 1 | |
| | स्वाभाविकता है। | 1 | |
| 18 | आशय ग्रहण किया है। | 1 | |
| | विज्ञापन की शैली है। | 1 | |
| | उचित शब्दों/वाक्यांशों का प्रयोग किया है। | 2 | 6 |
| | आकर्षक एवं रोचक है। | 2 | |
| 19 | भूमिका है। | 2 | |
| | बिंदुओं को विकसित किया है। | 2 | |
| | विचारों का समर्थन किया है। | 2 | 8 |
| | उपसंहार है। | 2 | |

| Qn No. | Value Points | Split Score | Total |
|---|---|---|---|
| 20 | सही शुरुआत है। | 2 | |
| | पत्र की भाषा-शैली है। | 2 | |
| | संकेतों को विकसित किया है। | 2 | 8 |
| | रूप-रेखा का पालन किया है। | 2 | |
| 21 | आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | संवेदना की अभिव्यक्ति है। | 2 | |
| | अनुभवों की सूचना है। | 2 | 8 |
| | आत्मकथा की शैली है। | 2 | |
| 22 | भूमिका है। | 2 | |
| | बिंदुओं को विकसित किया है। | 2 | |
| | विचारों का समर्थन किया है। | 2 | 8 |
| | उपसंहार है। | 2 | |